तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 8 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

पीडीएस दुकानों की पॉश मशीनों में आ रही खराबी, नहीं आ रहा लोगों का थंब

6



खबर संक्षेप

एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन अब 15 तक

जांजगीर-चांपा। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ 15 नवंबर 2026 से होना है। शासन द्वारा किसानों के हित में एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल या रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी गई है, ताकि एक भी किसान भाई अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने से वंचित न रहे। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया की शासन की योजना अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल पर इस वर्ष धान के बदले अन्य कोई भी फसल का पंजीयन कराने पर किसानों को 15 हजार रूपये प्रति एकड़ एवं सामान्य फसल जैसे - दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास फसल का पंजीयन कराने पर उन्हें 10 हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि शासन द्वारा प्रदाय की जाएगी। किसानों से अपील किया गया है कि अपने नजदीकी संबंधित सेवा सहकारी समिति में दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों का भी समय-सीमा में पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

तुस्मा बाड़ा पारा में 10 से गूंजेगी राम नाम की धुन

तुस्मा। ग्राम पंचायत तुस्मा के बाड़ा पारा मोहल्ले में आगामी 10 तारीख, मंगलवार से अखंड नवधा रामायण समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी की पावन अमृतमयी कथा के आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह और हर्ष का माहौल है।धार्मिक आयोजन का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन और आतिशबाजी के बीच भगवान श्रीराम का जयकारा लगाते हुए शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत शिरोमणि राम गोपाल दास देवरघटा वाले शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रकाश बंसल, शिवरीनारायण, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नेहा रामचरण साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू, ग्राम पंचायत तुस्मा की सरपंच श्रीमती सुष्मिता तरुण साहू एवं उपसरपंच गोपीचंद साहू उपस्थित रहेंगे। दस स्थानों के लिए रखी गई आकर्षक पुरस्कार राशिआयोजन को लेकर मानस मंडलियों में भी विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली मानस मंडलियों के लिए दस स्थानों तक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। मंगलवार 10 नवंबर को सुबह 11 बजे पंडाल स्थल से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं श्रद्धालु शामिल होंगे।

दीये, झालर और रंगोली से सजे घर-द्वार

बड़ी दीपावली आज, धन की देवी मां लक्ष्मी की होगी पूजा



राशेनी से नहाया शहर



जांजगीर हाईस्कूल में लगा पटाखा दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंचल में दीपोत्सव का पर्व दीपावली रविवार 8 नवंबर को परंपारानुसार धूमधाम से मनाया जायेगा। भारतीय जनमानस के सबसे बड़े पर्वों में से एक प्रकाश पर्व दीपावली मनाने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। रविवार नरक चतुर्दशी के दिन लोगों ने यमदेव की पूजा अर्चना की तथा घरों में रोशनी कर दूसरे दिन भी त्यौहार मनाया।

शुक्रवार 6 नवंबर से धनतेरस पूजा के साथ शुरु हुए दीपावली त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। धनतेरस पूजा के बाद दूसरे दिन नरक चौदस की पूजा हुई। पांच दिन तक अनवरत चलने वाले दीप वर्ष की अंचल में धूम है। लोग उत्साह के साथ त्यौहार मना रहे हैं। प्रथम दिन धनतेरस के साथ शुरू हुए दीप पर्व के तहत दूसरे दिन रविवार को नरक चतुर्दशी मनाई गई। दीपावली का प्रमुख दिन महा लक्ष्मी पूजन को ही माना जाता है। इसके बाद 10 नवंबर को अन्नकूट (गोवर्धन पूजा) तथा द्वितीया तिथि 11 नवंबर को भाई दूज के साथ ही दीपावली पर्व का समापन होगा। लक्ष्मी पूजन के लिए अंचल में भरपूर उत्साह का माहौल है। लोग नए कपड़े, मिठाईयां, जेवरात, बर्तन व पटाखों की खरीददारी कर चुके हैं। घरों में झालर एवं बल्बों से रोशनी की गई है व केले के पौधे तथा आम पत्तों के तोरण से घरों को सजाया गया है। लोगों द्वारा दीपावली पर्व को लेकर मिठाईयों की भी जमकर खरीदी की गई है। हिन्दू मान्यता के अनुसार दीपावली के दिन भगवान श्रीरामचंद्र चौदह वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। उनके आगमन पर खुशियां मनाते हुए अयोध्यावासियों ने दीये जलाकर रौशनी कर उनका स्वागत किया था। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए कार्तिक मास की अमावस्या को दीप पर्व मनाया जाता है। आतिशबाजी चलाकर पर्व की खुशियां मनाई जाती है। वहीं बच्चे पटाखा फोडने को लेकर काफी उत्साहित नजर आए।

सड़क पर दुकानें, खरीददारों की बढ़ी भीड़, जगह जगह लगा जाम

साल भर के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली को लेकर सड़क पर दुकान लगाने की परंपरा ने जिला मुख्यालय सहित शहरी व कस्बाई इलाकों में राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। बड़ी दीपावली के पहले दिन बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ऐसे में शहर में जगह जगह जाम की स्थिति निर्मित होने लगी। जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना भी पड़ा। दीपावली त्यौहार को लेकर वैसे तो बीते सप्ताह भर से व्यापारियों ने अपनी दुकानें सड़क पर लगा डाली है। वहीं त्यौहार में खरीदी करने लोगों की बढ़ने के साथ जाम की समस्या आम हो गई है। धनतेरस के बाद दूसरे दिन छोटी दीपावली को भी बाजार में खरीददारों की भीड़ सुबह से रात तक लगी रही। ऐसे में शहर के लिंक रोड, कचहरी चौक, नेताजी चौक व नैला रोड पर कई जगह जाम की स्थिति निर्मित हुई। इधर चांपा के सदर बाजार में तो पूरे दिन लोगों की भीड़ लगी रही और जाम के हालात बने रहे। इसी तरह जिले के अकलतरा, शिवरीनारायण, नवागढ़, राहौद, खरौद जैसे कस्बाई इलाकों में भी दुकानदारों की सड़क पर दुकान लगाने की परंपरा और खरीददारों की भीड़ के चलते कई बार जाम की स्थिति बनी।

पंचायतों का नहीं हो रहा भुगतान, सरपंच संघ ने कलेक्टर को सुनाया दुखड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायतों में कराए गए विभिन्न

- 15 दिनों में भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी,

विकास एवं निर्माण कार्यों की राशि का भुगतान नहीं होने से सरपंच परेशान है। इस तरह की समस्या को लेकर सरपंच संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। वहीं 15 दिनों के भीतर भुगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

सरपंच संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायतों में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत विकास एवं निर्माण कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं,



लेकिन कार्यों के बदले मिलने वाली राशि का भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है। विशेष रूप से मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए कार्यों की सामग्री राशि पिछले 6 से 7 महीनों से लंबित बताई गई है। इसके अलावा अन्य मदों से कराए गए कार्यों का मूल्यांकन एवं सत्यापन होने के बावजूद जनपद पंचायत और जिला स्तर पर बिलों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। संघ का कहना है कि भुगतान में लगातार हो रही देरी के कारण सरपंचों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई सरपंचों ने उधार लेकर निर्माण सामग्री खरीदी और पंचायतों में जनहित से जुड़े विकास कार्य पूरे कराए हैं। इसके बावजूद राशि नहीं मिलने से सामग्री विक्रेताओं एवं दुकानदारों का भुगतान करना मुश्किल हो रहा है। लगातार बढ़ते आर्थिक दबाव से सरपंचों की परेशानी बढ़ती जा रही है। सरपंच संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों की लंबित राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि तीन दिनों के भीतर लंबित भुगतान की स्थिति स्पष्ट नहीं की जाती और 15 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं होता है, तो जपं नवागढ़ क्षेत्र के सरपंच आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

धनतेरस की रात सड़क हादसा, बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत

पामगढ़ क्षेत्र के बोरसी-डिघोरा मार्ग की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ

धनतेरस की रात बोरसी डिघोरा मार्ग पर मोटरसायकल सवार दो युवक बिजली खंभे से टकरा गए। हादसा इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी ग्रामीणों सहित परिजन को हुई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 6 नवंबर की रात्रि लगभग 1 बजे डिघोरा निवासी लालू यादव और कपिल सिदार एवेंजर बाइक से ग्राम बोरसी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनके बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने बिजली के खंभे से जा टकराई। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह लोगों ने सड़क किनारे दोनों की लाश को देखा। दोनों युवकों के शव सड़क किनारे बिजली के खम्भे से सटी हुई मिली, दोनों के शव एक दूसरे के ऊपर पड़ी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन सहित ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। उन्होने पुलिस को सूचित किया। जिस पर पुलिस टीम पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इधर साल के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली के पहले दिन धनतेरस की रात हुई इस घटना में जान गंवाने वाले दोनों युवकों के घर मातम छा गया। दीपावली की खुशियां गम में बदल गई।

बहरहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया और मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।



घटना स्थल पर पड़ी युवकों का शव।

पीले गेंदे की महक...



बहेराडीह। दीपावली पर सजावट के लिए खास माने जाने वाला जंगली पीला गेंदा विलुप्ति के कगार पर पहुंच गया है। इसे संरक्षित करने के लिए दीनदयाल यादव ने प्रयास किया, जिस पर 2024 में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण ने इसे पंजीकृत किया है। यह पौधा बहेराडीह में इन दिनों अपने फूलों की खुशबू बिखेर रहा है।











7 -Nov - Janjgir- bhoomi -pg-02- Full page_Layout 1 07-11-2026 22:04 Page 1



AdPRAYAS

CVRU
विद्या परं देवतम्
DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

A part of aisect india

Bilaspur, Chhattisgarh

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University

20 Years of Excellence

THE FIRST PRIVATE UNIVERSITY IN CHHATTISGARH ACCREDITED "A" GRADE BY NAAC
CENTRE FOR DISTANCE AND ONLINE EDUCATION

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) E-Mail : admissions@cvru.ac.in, info@cvru.ac.in

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

ADMISSION HELPLINE FOR DISTANCE EDUCATION
9302969342, 9617772312

ADMISSION HELPLINE FOR REGULAR PROGRAMMES
6261-900581, 6261-900588

शुभ ॥卐॥ लाभ

दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...

पैरामेडिकल डिप्लोमाः सत्र 2026-27 प्रवेश प्रारंभ...

आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा क्षेत्र में सुनहरा भविष्य .....

कोर्स	पाठ्यक्रम	पात्रता	सीट
आयुर्वेद कम्पाउंडर	एक-वर्षीय डिप्लोमा	12वीं - बायोलॉजी	30 सीट
पंचकर्म सहायक	एक-वर्षीय डिप्लोमा	12वीं - बायोलॉजी	30 सीट

प्रवेश हेतु - वेबसाईट students.targetx.in/budurg/register दिनांक 15 नवम्बर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

आयुष चिकित्सा सेवाओं के निरंतर विस्तार, आवश्यकता एवं संभावनाओं को देखते हुए 'भारती आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल' दुर्ग, में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में उपरोक्त पैरामेडिकल कोर्सेज में प्रवेश प्रावीण्य -सूची के आधार पर होगी।

'आयुर्वेद कम्पाउंडर' एवं 'पंचकर्म सहायक' युवाओं को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में त्वरित रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

वर्तमान में आयुर्वेद कम्पाउंडर एवं पंचकर्म सहायक दोनों ही संवर्गों के लिए शासकीय एवं निजी आयुर्वेदिक औषधालयों तथा निजी व शासकीय आयुर्वेद अस्पतालों में नियमित एवं संविदा (Contractual) पदों पर व्यापक नियुक्तियां की जा रही हैं।

शासन द्वारा आयुष हेल्थ एंडवेलनेस सेंटरों और जिला आयुष चिकित्सालयों में पंचकर्म यूनिट्स व औषधालयों के बड़े पैमाने पर किये जा रहे विस्तार के कारण इन ट्रेंड प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है।

Afft. to Ayush University, Raipur

BHARTI AYURVED MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, DURG
• BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery

BHARTI COLLEGE OF NURSING, DURG
• B.Sc. (Nursing)

भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

29 YEAR'S Legacy in Education

COURSES OFFERED

Engineering
M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic (Regular/Working Professionals)
• CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical

Law
• B.A. LLB • LLB • B.Com LLB • LLM

Physical Education*
• B.P.E.S. • M.P.E.S.

Library Science
• D.Lib • B.Lib • M.Lib

Rural Studeies
• Bachelor (BRS) • Master (MRS)

Science
• B.Sc (Hons)/M.Sc
• Forensic Science • Chemistry • Maths
• Computer Sceince • Physics • Zoology
• Animation & Visual Effects • Botony
• Microbiology • Biotechnology
• Home Science • IT

Arts, Commerce & Management
• BBA • MBA
• Hospital Mgt. • Financial Mgt
• Marketing Mgt. • Human Resource Mgt.

• B.A.(Hons)/ M.A
• Psychology • English • Sociology
• Yoga • Hindi • Sanskrit • Economics
• History • Geography • Political Science

• B.Com.(Hons) • M.Com
• B.Stat • M.Stat
• DCA • BCA • PGDCA

Pharmacy
• D. Pharma • M. Pharma
• M. Pharma

Education
• D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

Public Health
• MPH (Master of Public Health)

Social Work
• Diploma (DSW) • Bachelor (BSW) • Master (MSW)



Afft. to IGKV, Raipur
• B.Tech Agri. • B.Sc. Agri.

Ph.D. In All Major Subjects (सभी मुख्य विषयो में)

TOP RECRUITERS: wipro, Ashok Leyland, JSMC, HCL Infosystems Ltd, Tata, L&T Construction, Suzuki, Mahindra, Capgemini, UltraTech Cement, Suzlon, BOC, Dhoot Transmissions, ADVIK Hi-Tech Pvt. Ltd., HIRA Power & Steel, Maintec, IDBI Bank, Justdial



प्रथम दीक्षांत समारोह : डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता



6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07
www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com



SUN PUBLIC SCHOOL
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
Day Boarding School
ADMISSIONS OPEN
Hostel Facility Available for 6th to 12th Class

सन प्राइवेट आई.टी.आई. प्रवेश प्रारंभ
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
• इलेक्ट्रीशियन • फिटर } 2 वर्ष
• कोपा • स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
विशेषताएँ
• उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • छात्रवृत्ति सुविधा
• अनुभवी शिक्षक • हॉस्टल सुविधा
• आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग

7 -Nov - Janjgir- bhoomi -pg-04_Layout 1 11/7/2026 11:22 PM Page 1



मन में भी जलाएं एक दीपक

दीपों से घर-आंगन रोशन करने के पर्व दीपोत्सव पर हम सब अपने आस-पास कहीं भी अंधेरा नहीं रहने देते। लेकिन दीपावली का पर्व केवल बाहर ही नहीं अपने अंतस को भी उजियारे से भरने की प्रेरणा देता है। महात्मा बुद्ध के उपदेशों, पौराणिक संदेशों और धार्मिक कथाओं में भी आत्म चेतना का दीप प्रज्ज्वलित करने की बात कही गई है। तो आइए आज दीपों के महापर्व में हम सब अपने मन में भी एक दीपक प्रज्ज्वलित करने का संकल्प करें।

आवरण कथा / श्वेता ठाकुर

दीपावली आते ही घर-आंगन बुहारे जाने लगते हैं। दीवारों पर नया रंग-रोगन किया जाता है। देहरी पर रंगोली सजती है और सांझ ढलते ही मिट्टी के नन्हे-नन्हे दीये टिमटिमाने लगते हैं। अमावस की रात चारों ओर उजियारा जगमगाने लगता है। लेकिन इन जगमगाहटों के बीच एक सवाल भी चुपचाप खड़ा रहता है, बाहर तो हर ओर इतना उजाला कर लिया, पर क्या अपने भीतर का हर कोना भी रोशन हुआ? मन के अंतः कोनों में छिपी बैठी मलिनता भी दूर हो पाई?

महात्मा बुद्ध का उपदेशः स्वयं के भीतर प्रकाश फैलाने के संदर्भ में महात्मा बुद्ध का संदेश बहुत मूल्यवान है। महापरिनिर्वाण के समय शोकाकुल आनंद को महात्मा बुद्ध ने जो सीख दी, उसे हम 'आत्म दीप भव' के रूप में याद करते हैं। पालि परंपरा में यह 'अत्तदीपा विहरथ' है। यानी, अपने ही दीपक बनो और अपनी ही शरण में रहो। इसका अर्थ यह नहीं कि गुरु, ग्रंथ या समाज निरर्थक हैं। अर्थ यह है कि कोई भी उजाला, उधार का हो तो बुझ जाता है। रास्ता दिखाने वाले मिल सकते हैं, पर चलना अपने ही पैरों से होता है और लौ अपने ही भीतर जलानी पड़ती है।

उपनिषद की प्रार्थनाः आत्मालोकित करने का भाव भारतीय चिंतन में बहुत प्राचीन काल से प्रवाहित होता आया है। बृहदारण्यक उपनिषद् की प्रसिद्ध प्रार्थना है-

असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामृतंगमय॥

अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की यह प्रार्थना, बाहरी अंधेरे के लिए कम और भीतरी अंधकार के लिए अधिक है। वह अंधकार अज्ञान का है, भ्रम का है और उस अहंकार का भी, जो हमें अपने ही सच से दूर रखता है।

गीता का स्वरः गीता आत्मालोकित करने के भाव को और स्पष्ट करती है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि अपने भीतर बैठकर वे 'ज्ञानदीप' से अज्ञान से उपजा अंधकार मिटाते हैं (नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता, गीता 10-11)। यानी, दीया कहीं बाहर से नहीं आता, भीतर ही जलता है, बस उसे जलाने की इच्छा चाहिए। गीता के ही छठें अध्याय का सूत्र भी उतना ही सटीक है-

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

अर्थात, अपना उद्धार स्वयं करो, स्वयं को गिरने मत दो, क्योंकि मनुष्य अपना सबसे बड़ा मित्र भी है और सबसे बड़ा शत्रु भी। बुद्ध के 'अत्त दीपो भव' से इसका स्वर और निहितार्थ पूरी तरह मिलता है।



पौराणिक परंपरा और दीपदानः पौराणिक परंपरा में कार्तिक मास को दीपदान का महीना माना गया है। नदी-तट पर, तुलसी के नीचे, मंदिर की देहरी पर जलता एक छोटा दीया, पुण्य का प्रतीक माना जाता है। दीप-स्तुति का यह श्लोक प्रसिद्ध है-

शुभं करोति कल्याणमारोग्यं धनसंपदा।
शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपज्योतिर्नमोऽस्तुते॥



इस श्लोक में दीपक से धन-संपदा के साथ 'शत्रुबुद्धि के विनाश' की भी कामना की गई है। यह शत्रुबुद्धि कोई बाहरी दुश्मन नहीं, हमारे भीतर पलती ईर्ष्या, क्रोध और कटुता के भाव ही हैं। पौराणिक लोक-कथाओं के अनुसार चौदह वर्ष के वनवास और आततायी रावण का वध करने के बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में दीपावली का पर्व मनाते हैं। कुछ पौराणिक मान्यताएं दीपावली को नरकासुर के अंत के उत्सव के रूप में भी मनाने की बात कहता है। हर कथा का संदेश एक ही है कि अंत में अंधकार हारता है, पर तब, जब कोई दीप जलाने का साहस करे।

जीवन से दूर रहे अंधेराः आधुनिक जीवन में अंधेरे का रूप बदल गया है। आज की रातें रोशनी की झालरों से जगमगाती हैं, पर मन की कोठरी में अकसर सन्नाटा रहता है। हम सैकड़ों लोगों से जुड़े तो दिखते हैं, फिर भी अकसर हम अकेले ही रह जाते हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी दिन-रात जलती है, पर उसमें हमें अपना चेहरा नहीं दिखता। तुलना की होड़, कुछ पा लेने की बेचैनी, असंतोष, थकान और रिश्तों में बढ़ती दूरी भी अंधेरा ही हैं। इस अंधेरे में बिजली के बल्ब काम नहीं आते, यहां वही लौ चाहिए, जिसकी बात महात्मा बुद्ध ने की थी, जिसके बारे में पुराणों में बताया गया है।

ऐसे होगा अंतस में उजालाः आधुनिकता की चकाचौंध में बाहर ही नहीं अपने भीतर भी अंधियारा न बढ़े, इसके लिए हमें ही सजग रहना होगा। दीपावली, आत्मचिंतन को प्रेरित करती है कि केवल बाहरी दुनिया में ही नहीं अपने अंतस में भी उजाला फैले, इसके लिए प्रयास करें। दिन में कुछ पल मौन बैठकर अपनी सांस सुनने से, किसी के प्रति वर्षों पुरानी जमी मन की कड़वाहट धोकर क्षमा मांग लेने या क्षमा कर देने से, फोन को परे रखकर अपने घर के या आस-पड़ोस के बुजुर्गों के पास आत्मीयता से बैठ जाने से, भीतर खुशी का उजाला फैलेगा। ऐसे छोटे-छोटे दिखने वाले प्रयास ही भीतर के दीये में तेल डालते हैं, आत्म की आभा को प्रखर करते हैं।

दीये से प्रज्ज्वलित हो दीयाः यह शाश्वत सत्य है कि भीतर का उजाला, निजी होकर भी निजी नहीं रहता। जिसके भीतर आत्मबोध का दीप जल जाता है, उसकी वाणी में मिठास आ ही जाती है, व्यवहार में धैर्य और दृष्टि में करुणा स्वतः उत्पन्न हो जाती है। उसके सान्निध्य में रहने वाले को भी उस ज्योति की आभा, उसकी गर्माहट मिलती है। इस तरह एक दीये से दूसरा दीया जलता जाता है। एक दीये से दूसरा दीया जलाने पर भी पहले की लौ घटती नहीं, उजाला बढ़ता ही है। इसीलिए 'आत्म दीप' का अर्थ स्वयं में सिमट जाना नहीं है।

इस दीपावली करें संकल्पः आज दीपावली की रात में जब देहरी पर दीया रखें, तो एक दीया मन के नाम भी जरूर जलाएं। कुछ क्षण रुककर सोचें कि भीतर कौन-सा कोना बरसों से अंधेरे में पड़ा है, कोई पुरानी शिकायत, कोई अनकही बात, कोई अधूरा सपना। उस कोने तक अपनी लौ ले जाएं। संकल्प लें कि केवल बाहर ही नहीं, अपने भीतर भी प्रेम का दीया जलाएंगे। बाहर की जगमगाहट त्योहार की शोभा है, पर भीतर की रोशनी जीवन की शोभा है। बुद्ध के शब्दों में, अपने दीपक स्वयं बनें और जब आप खुद उजाले से भर जाएंगे, तो आपके आस-पास की दुनिया भी बिना प्रयास रोशन हो उठेगी। *



आज दीपोत्सव के शुभ अवसर पर दीपों को प्रज्ज्वलित करने से पूर्व गणपति और मां लक्ष्मी की आराधना अत्यंत शुभ फलदायी होती है। लेकिन पूजन का विधि-विधान से किया जाना भी अत्यंत आवश्यक है। इस बारे में विस्तार से यहां बता रहे हैं।

दीपोत्सव पर पूरे विधान से करें गणपति-लक्ष्मी की आराधना

पूजा-विधि / अनीता जैन

हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पुराणों में कार्तिक मास का विशेष महत्व बताया गया है, इस को दामोदर मास भी कहा जाता है। इस महीने में भगवान विष्णु और उनके अवतारों की पूजा करना सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। पूरे कार्तिक मास में कई त्योहार मनाए जाते हैं और इनमें स्नान, दान और भगवत्पूजन किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।



पौराणिक मान्यताः स्वयं भगवान ब्रह्माजी कार्तिक मास की महिमा बताते हुए कहते हैं कि कार्तिक मास सब मासों में उत्तम है। देवताओं में भगवान विष्णु और तीर्थों में नारायण तीर्थ (बद्रिकाश्रम)श्रेष्ठ है।

न कार्तिकसमो मासो न कृतेन समं युगं,
न वेदं सदृशं शास्त्रं न तीर्थं गंगया समं।

अर्थात कार्तिक के समान कोई मास नहीं है, न सतयुग के समान कोई युग, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगा नदी के समान कोई तीर्थ नहीं। इस महीने में तैंतीस कोटि देवता मनुष्य के सन्निकट हो जाते हैं और इसमें किए हुए स्नान, दान, भोजन, व्रत, तिल, धेनु, सुवर्ण, रजत, भूमि, वस्त्र आदि के दानों को विधिपूर्वक ग्रहण करते हैं।

गणेश-लक्ष्मी पूजन की शुभ तिथिः कार्तिक मास में बुद्धि के दाता, विघ्नहर्ता श्री गणेश और धन-ऐश्वर्य की देवी मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए दीपावली का दिन बहुत खास माना गया है। इस दिन भगवान राम असुरों का संहार करके अयोध्या लौटे थे, जिनका दीपोत्सव करके स्वागत किया गया था। दीपावली का दिन लक्ष्मी के स्वागत का भी दिन माना जाता है। इस शुभ तिथि पर हम चारों ओर प्रकाश फैलाकर सकारात्मकता के साथ महालक्ष्मी से समृद्धि और संपन्नता का वर मांगते हैं। शक्ति आराधना यानी काली पूजा के लिए भी यह कार्तिक अमावस्या की तिथि सर्वोपरि मानी गई है।

दीपावली की पूजा विधिः इस दिन प्रदोष वेला से लेकर पिशाच वेला के आरंभ से पहले तक ही महालक्ष्मी पूजा का विधान है। यह पिशाच वेला रात्रि 02 बजे से आरंभ होती है। दीपावली के दिन प्रदोष वेला, स्थानीय सूर्यास्त से 72 मिनट पहले और 72 मिनट बाद तक की वेला प्रदोष वेला मानी गई है। इस दिन स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्राभूषण धारण करके घर के पूजास्थल पर यथाशक्ति पूजन सामग्री लेकर बैठें। साथ ही गणेश सहित महालक्ष्मी वरुण, कुबेर, श्रीयंत्र, कुबेरयंत्र और नवग्रह यंत्र लें। ध्यान रहे दीपावली पूजन में लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्तियां अथवा चित्र बिल्कुल नया होना चाहिए यानी, पहले उन मूर्तियों का प्रयोग पूजा में न किया गया हो। आप इस बात का ध्यान रखें कि पूजा में श्रद्धा का नैवेद्य अवश्य चढ़ाएं, भाव और भक्ति की कमी न रहने पाए, तभी लक्ष्मी जी आप से प्रसन्न होंगी। इसके अतिरिक्त गुड़हल, लाल कनेर, गेंदा आदि के पुष्पों से भी मां की आराधना कर सकते हैं। साथ ही श्रृंगार का सामान हल्दी, रोली, मौली, लाल चंदन, अक्षत, लौंग, इलायची, पान, सुपारी, शहद, फल, मिष्ठान, गंगाजल, नारियल, कलश अथवा जो भी यथा समय उपलब्ध हो उसे साथ लेकर बैठें। अपने ऊपर जल छिड़कते हुए भगवान ॐ पुण्डरीकाक्ष का स्मरण करके अपने ऊपर जल छिड़कें। सभी सामग्रियों पर भी गंगाजल छिड़कें। अब पृथ्वी स्पर्श करते हुए ॐ भूम्यै नमः का उच्चारण करें। पूजा स्थल के दक्षिण-पूर्व के तरफ घी का दीप जलाते हुए

ॐ दीपज्योतिः परब्रह्मदीपज्योतिः जनार्दनः।
दीपो हरतु मे पापं दीपज्योतिर्नमोस्तुते॥

का उच्चारण करें। इसके अलावा, जो मंगल मंत्र आता हो उसे पढ़ें और स्वयं संकल्प करें। *ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद, श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः!* इस मंत्र को पढ़ते हुए सभी पूजन सामग्री अर्पण कर सकते हैं। देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश के लिए भोग में खीर, बूंदी के लड्डू, सूखे मेवे या फिर मावे से बनी हुई मिठाई रखें एवं आरती करें। पूजन के पश्चात चारमुखी दीपक रात्रि भर जलाएं। *

कविता / गोविंद भारद्वाज

बेच रहा हूं दीप...



ले लो, ले लो कुछ दीप नए अच्छे-अच्छे अम्मा जी,
बेच रहा हूं मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।
आज विदेशी दीप सजे हैं देखो तो बाजारों में,
लोग बड़े उनको लेने जाएं बैठ बड़ी कारों में।
मेरा रस्ता ताक रहे हैं बीवी-बच्चे अम्मा जी,
बेच रहा हूं मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।
निर्धन के घर-आंगन थोड़ा-सा उजियारा भर देते,
थोड़ी बोनी करवा के उपकार जरा-सा कर देते।
रोज पसीनों से खूब बनाए कच्चे-पक्के अम्मा जी,
बेच रहा हूं, मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।
लाखों-लाखों दीप जलेंगे अब की बार दिवाली में,
मेरे दीपों को शामिल कर लो अपनी खुशहाली में।
आवाज यही देता हर बस्ती हर रस्ते अम्मा जी,
बेच रहा हूं मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।
तुम क्या जानों बारिश, गर्मी में कैसे वक्त बिताया,
इक-इक दीप बनाने में पूरा ही परिवार लगाया।
तुम भी अपनी मन की बोलो सच्चे-सच्चे अम्मा जी,
बेच रहा हूं मैं दीप बड़े सस्ते-सस्ते अम्मा जी।

लघुकथाएं

उदास मन में फैला उजास



एआई इमेज

मंदिरा जी के बचपन की सहेली रमा, दीपावली मनाने के लिए यू.एस. से भारत आईं। मंदिरा उनके बचपन की सहेली थीं। दीपावली के दिन जब वह मंदिरा जी के घर पर पहुंचीं तो वहां पसरी वीरानी को देख चकित हो गईं। लेकिन जब हॉल में मंदिरा जी के स्वर्गवासी पति सुधाकर जी की तस्वीर देखी तो उनकी मनोदशा समझने में थोड़ी-सी भी देर न लगी। पांच बरस पहले हृदयाघात से सुधाकर जी का देहांत हो गया था। पति को खोने के बाद मंदिरा जी के लिए उनका जीवन और सारे वार-त्योहार जैसे फीके और बेरंग हो गए थे। अब किसी काम में उनका मन नहीं लगता था। घर का जो दीया, दीपावली के सारे जगमगाते दीयों का कारण था, उसके बुझने से अब मंदिरा जी के लिए जैसे अंधेरा ही एकमात्र सच रह गया था। मंदिरा जी का हाथ थामते हुए रमा ने मंदिरा जी को समझाया, 'यदि वे इसी तरह जीवन भर उदास रहेंगी तो प्रेम से बना उनका यह आशियाना, यूं ही अंधेरे में डूबा रहेगा और यकीनन यह बात सुधाकर जी को भी अच्छी नहीं लगेगी।' मंदिरा जी कुछ कहतीं, इससे पहले ही रमा ने पूछ लिया, 'अच्छा, चल एक बात बता, यदि सुधाकर जी की जगह तुम्हें कुछ हो जाता और सुधाकर जी तुम्हारी तरह यूं अनमने और कटे-कटे रहते तो क्या तुमको अच्छा लगता?' मंदिरा जी कुछ बोल न पाईं और केवल ना में गर्दन हिलाकर रह गईं। रमा ने बात आगे बढ़ाते हुए कहा, 'दीये केवल तुम्हारे घर-आंगन को ही नहीं, सुधाकर जी की यादों को भी रोशन करते हैं। इसलिए तुमको दीवाली उसी उत्साह से मनानी चाहिए, जैसे उनके होने पर तुम मनाती थी।' रमा की यह बात मंदिरा जी के मन को छू गई। पर संकोच की बेड़ियां अभी भी मंदिरा जी को जकड़े हुई थीं। स्थिति भांपते हुए स्वयं रमा ने दीयों से उसका घर जगमग करने की तैयारी शुरू कर दी। रमा दीयों से सजा थाल लेकर आंगन में आईं, तो हिम्मत कर मंदिरा जी भी अपनी नम आंखों को पोंछते हुए उसके साथ जुट गईं। उसने रमा को धन्यवाद दिया और भावुकता के साथ दीयों की ओर देखते हुए कहने लगीं, 'शुक्रिया रमा। सच, आज इन दीयों की लौ मुझे उनके खुशनुमा नयनों की तरह प्रतीत हो रहे हैं, जो न केवल मुझे बल्कि इस पूरे घर को प्रेम से निहार रहे हैं।' मंदिरा जी का घर-आंगन ही नहीं उनका चेहरा भी अब उजास से दमक रहा था। पहली दीपावली की तरह ही आज भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस मुस्कुराहट व उजास के पीछे सुधाकर जी ही कारण थे, जिसे पुनः जगमग करने में रमा ने खास भूमिका निभाई थी। रमा की दीपावली भी इस बार कुछ खास हो गई क्योंकि आज उसने एक अंधेरे में डूबे दिल को पुनः रोशन जो कर दिया था। *

– कुलदीप सिंह भाटी

नन्ही सी खुशी



एआई इमेज

बड़ी-बड़ी इमारतों के किनारे मलिन बस्ती में ननकू अपनी मां के साथ झोपड़ी में रहता था। आज दीपावली के उल्लास में सभी ऊंची इमारतों पर खूब रोशनी की गई थी, मगर उनकी झोपड़ी में अंधेरा ही पसरा था। बाहर पटाखों के शोर के बावजूद ननकू के रोने के आवाज साफ सुनाई दे रही थी। वह अपनी मां से पटाखे खरीदने की जिद कर रहा था, ले कि न उसकी मां इसी सोच में दुखी थी कि आज मिले मजदूरी के पैसे से वह ननकू के लिए पटाखे लाए या दीये जलाने के लिए तेल या दीपावली की मिठाई या फिर रोज की तरह चटनी-रोटी का इंतजाम करे! कुछ देर बाद जब उसकी तंद्रा टूटी, उसे ननकू के हंसने की आवाज सुनाई दी। देखा तो ननकू पास ही की एक इमारत के बच्चों द्वारा फेंके गए जले अधजले पटाखों को जलाकर खुश हो रहा था। कुछ देर बाद ननकू की झोपड़ी के सामने भी एक नन्हा-सा दीपक जल रहा था, जिसके प्रकाश में ननकू की मां के चेहरे पर खुशी की एक हल्की-सी चमक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। शायद ननकू की मां को अपनी समस्या का समाधान मिल जाने की खुशी थी। *

-विनय मोघे

दोहे / प्रो. शरद नारायण खरे

दीपपर्व



रोशनियों के पत्र हैं, अब दीपों के नाम।
पत्रों के मजमून में, खुशियों के पैगाम॥
फिर मुस्कानें पल रहीं, प्रमुदित है संघर्ष।
महक रहे नव आस से, दिवस, मास, नित वर्ष॥
उल्लासित होने लगे, सारे ही कंदील।
विश्वासों की महफिलें, लगतीं मीलों मील॥
नभ तक उत्सव की छटा, धरती पर आनंद।
मायूसी का दौर अब, आता नहीं पसंद॥
दुल्हन-सी लगती अमां, लजा रही है आज।
दीपों के इस पर्व पर, प्रमुदित लगे समाज॥
भवनों पर हैं झालरें, हर मुंडेर पर दीप।
प्रेमिल नव अहसास चल, आया आज समीप॥
तिमिर दूर जाता दिखे, होकर बहुत उदास।
उजियारे को है हुआ, जय का तो आभास॥
सज्जित वामा दीप ले, गाती शुभ के गीत।
बम, पटाखे फूटते, पली दिलों में प्रीत॥
रमा आज आतुर दिखीं, देने को वरदान।
धन-वैभव को मिल रही, आज पुरानी शान॥
कितने आकर्षक लगें, चलते हुए अनार।
दुआ और शुभकामना, बने आज आचार॥

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

बहुरंगी सॉनेट का सौंदर्य



एक समंदर गहरा भीतर' के बाद हाल में ही डॉ. वेद मित्र शुक्ल के सॉनेट संग्रह की दूसरी पुस्तक 'यादों का जो जंतर-मंतर' प्रकाशित होकर आई है। सॉनेट के अनुशासन को बरतते हुए समाज और दुनिया की तमाम श्याम-श्वेत छवियों के साथ ही जीवन के अंतर्द्वंद्व को भी कवि ने प्रभावी ढंग से व्यक्त किया है। बाजारवाद की हाहाकारी अराजकता से जीवन कैसे आक्रांत हो रहा है, इसकी बानगी इन पंक्तियों में देखी जा सकती है, *'बाजारू हो रही सदी बिकने को हर पल/ बीत रहा जीवन कुछ यों हर सांस वायरल।'* एक अन्य सॉनेट में वे भूमंडलीकरण के दुष्प्रभाव को दूसरे शब्दों में कुछ ऐसे व्यक्त करते हैं, *'वैश्विकता का क्या मतलब जो खुद को भूले/ व्यर्थ ही गया धरा भूल जो नभ हम छू लें।'* इसी तरह आधुनिकता की अंधी दौड़ में कैसे खेती-किसानी उजड़ती जा रही है, इस बारे में कवि कहते हैं, *'खेत हुए वीरान स्वप्न सूने सूने से/ वे दिन क्या थे जुटती थीं पांतें किसान की।'* कहना चाहिए ये सॉनेट हमारे समय की बहुरंगी छवियां उकेरती हैं। *

पुस्तकः यादों का जो जंतर-मंतर (हिंदी सॉनेट संग्रह), **लेखकः** डॉक्टर वेद मित्र शुक्ल, **मूल्यः** 395 रुपए, **प्रकाशकः** सर्व भाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं गोवर्धन पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय परमहंस ट्रेडर्स
पेंट्स • हार्डवेयर • बिल्डिंग मटेरियल
Mob.: 7509568807
BIRLA opus PAINTS
JAI PARAMHANS TRADERS
GST No. 22BBPDT095J1Z8
Supreme Total Piping Solution
नीलाम्बरी पेंट्स
Har Ghar Kuchh Ke Liye
बिजली सामान, पेंट, सेनेटरी आयटम,
पानी टंकी के विक्रेता
रितेश सिंह
शिवम सिंह
जय परमहंस ट्रेडर्स
बजरंग काम्पलेक्स, पामगढ़ 7509558907


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं गोवर्धन पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
HP GAS
SHIVAM HP GAS
ठा. भूपेन्द्र सिंह
श्रीमती समृद्धि सिंह
वैदिका सिंह
शिवम सिंह
शिवम H.P. गैस पामगढ़
पता : शिवरीनारायण रोड, पामगढ़, जिला-जांजगीर-चांपा(छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं गोवर्धन पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
नरेश ट्रेडर्स
मो. 9772105525
प्लाई वुड, दरवाजा, सबमर्सिबल पम्प, पाईप
एशियन पेंट, इंडिगो, रंग पेंट, डिस्टेपर,
PVC/VPPC पाईप फिटिंग,
पंप, मोटर, सबमर्सिबल पंप एवं
प्लाईवुड दरवाजा के विक्रेता
नरेश थवाईत
नीलेश थवाईत
नरेश ट्रेडर्स
पता : मेन रोड पामगढ़ मो. 9770105505


Bharat Petroleum
समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली एवं गोवर्धन पूजा
की हार्दिक शुभकामनाएं...
पंकज सोनी
पंकज पेट्रोलियम
मेनरोड, पामगढ़ मो. 9617224530

खबर संक्षेप

खाद खरीदी की नई व्यवस्था शुरू, ऐप से कर सकते हैं यूरिया-डीएपी की बुकिंग

कोरबा। रबी सीजन में किसानों को रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता आसान बनाने और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए जिले में नई व्यवस्था लागू की गई है। अब किसान फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल सॉफ्टवेयर के माध्यम से मोबाइल ऐप पर खाद की प्री-बुकिंग कर ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे। टोकन का क्यूआर कोड स्कैन होने के बाद ही संबंधित दुकान से खाद का वितरण किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत किसान आधार कार्ड या फार्मर आईडी की मदद से FFS ऐप में लॉगिन कर सकते हैं। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। किसान घर बैठे यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरकों के लिए प्री-बुकिंग कर ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे। इसके बाद संबंधित खाद दुकान पर जाकर टोकन का क्यूआर कोड स्कैन कराना होगा। खाद की बुकिंग करने के बाद किसानों को 48 घंटे के भीतर संबंधित दुकान पर पहुंचकर QR कोड स्कैन कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय में क्यूआर कोड स्कैन नहीं कराने पर बुकिंग अपने आप निरस्त हो जाएगी। जिन किसानों को मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन बनाने में परेशानी होगी, वे कॉमन सर्विस सेंटर से भी टोकन प्राप्त कर सकते हैं। उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से एफएफएस ऐप के माध्यम से ही खाद की बुकिंग और खरीदी करने की अपील की है। ऐप पर टोकन बनाने या बुकिंग के दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर किसान अपने नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय या सहकारी समिति के अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं।

सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं-12वीं की डेट शीट की जारी

कोरबा। सीबीएसई ने 10 वीं-12 वीं बोर्ड परीक्षा के लिए समय सारणी जारी कर दी है। परीक्षाएं फरवरी से शुरू होगी। स्टूडेंट्स सीबीआई बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर बोर्ड एग्जाम डेटशीट चेक कर सकते हैं। छात्र पूरा शेड्यूल देख सकते हैं। जारी डेटशीट के मुताबिक, परीक्षाएं 16 फरवरी से होगी। 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेंगी। वहीं, कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16 फरवरी से शुरू होंगी और 9 अप्रैल तक चलेगी। 10 वीं के छात्र 83 विषयों में और कक्षा 12 वीं के छात्र 121 विषयों में परीक्षा देंगे। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे से दिया गया है।

मैनुअल रिकार्ड से बांटने की हो रही मजबूरी

पीडीएस दुकानों की पॉश मशीनों में आ रही खराबी, नहीं आ रहा लोगों का थंब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में खाद्य विभाग की पीडीएस दुकानों केपॉश मशीन में आ रही तकनीकी खराबी के कारण हितग्राहियों के अंगूठों का निशान उभर नहीं रहे हैं। जिससे ऐसे हितग्राहियों को खाद्यान्नों का वितरण नहीं होने का मामला सामने आ रहा है। ऐसी शिकायतें प्रशासन तक पहुंच रही है। दुकान संचालकों को मजबूरी में मैनुअल रिकार्ड से खाद्यान्न वितरण करना पड़ रहा है।

जिले में 5 सौ से अधिक पीडीएस दुकानें संचालित हो रही है। इन दुकानों में सौ से अधिक दुकानें ऐसी है जिनके पॉश मशीनों में तकनीकी खराबी सामने आती है। जिसके कारण



खाद्यान्न वितरण में हितग्राही और दुकान संचालकों को व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस कंपनी से पॉश मशीन खरीदी की गई है उस कंपनी के इंजीनियर भी समय पर मरम्मत के लिए जिले में नहीं पहुंचते हैं जिसके वजह से तकनीकी खराबी दूर नहीं हो पा रही है। कई बार खाद्य अधिकारियों को दुकान संचालकों ने इस समस्या से अवगत कराया है लेकिन विभाग भी तकनीकी खराबी के लिए कंपनी के इंजीनियरों को सूचित कर उनको बुलाने का इंतजार कर रहा है। कई बार कंपनी के इंजीनियर आने की जानकारी देकर भी नहीं आते हैं। जिसकी खामियाजा दुकान संचालक और हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है।

नये राशनकार्ड के नाम नहीं हो रहे अपडेट

इस वर्ष जो नये राशनकार्ड बन रहे हैं उनके सदस्यों के नाम भी पॉश मशीन में अपडेट नहीं होने के कारण हितग्राही खाद्यान्न से वंचित होने लगे हैं। हालांकि इस समस्या को लेकर खाद्य विभाग के अधिकारी ने दुकान संचालकों को आवश्यक निर्देश भी दिए हैं लेकिन रिकार्ड में नये नाम के अपडेट नहीं होने से उनके नाम का खाद्यान्न का आबंटन नहीं हो रहा है। विभाग के द्वारा नये राशनकार्ड के संबंध में अपने रिकार्ड को अपडेट कर राज्य शासन के वेबसाईट में अपडेट भी कर दिया है उसके बाद भी खाद्यान्नों के आबंटन में कहीं ना कहीं तकनीकी रुप से पेंच फंस जाता है।

खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है

जहां जहां पॉश मशीन में तकनीकी खराबी के मामले सामने आये है वहां की मशीनों की तकनीकी खराबी दूर कर खाद्यान्नों का वितरण दूर किया जा रहा है। साथ ही जहां नेटवर्किंग की समस्या है वहां मैनुअल तरीके से खाद्यान्नों का वितरण किया जा रहा है। खाद्यान्नों के वितरण से हितग्राही वंचित नहीं हो रहे हैं।

- **जीएस कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

सेंट्रल जेल बिलासपुर में पंचगव्य उत्पाद प्रशिक्षण को लेकर चर्चा



जेलर से मिलते गौ रक्षा समिति के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने तथा गौ-आधारित स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेंट्रल जेल, बिलासपुर के सुपरिंटेंडेंट खोमेश मंडावी से सौजन्य भेंट की गई। इस दौरान जेल परिसर में पंचगव्य उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रशिक्षण के माध्यम से गौवंश से प्राप्त गोबर एवं गोमूत्र सहित अन्य प्राकृतिक संसाधनों से उपयोगी पंचगव्य उत्पाद बनाने की जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव रखा गया। इस पहल का उद्देश्य आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार के अवसरों का सृजन तथा गौवंश के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर पंचगव्य उत्पाद प्रशिक्षण की संभावनाओं एवं इसके सफल संचालन को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान लालिमा जायसवाल, प्रान्त गौ उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख, गौ सेवा गतिविधि एवं उनकी टीम सदस्य अरुण निर्रेंजक, संध्या

गुरसिया-जटगा मार्ग में सड़क का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त, हादसे की आशंका



बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ सड़क का हिस्सा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित महत्वपूर्ण गुरसिया से जटगा मार्ग इन दिनों गंभीर उपेक्षा और प्राकृतिक कटाव के चलते मौत का रास्ता बनता जा रहा है। इस मार्ग पर स्थित दमऊकुंडा के पास सड़क की स्थिति बेहद जर्जर और खतरनाक हो गई है। स्कूल के ठीक समीप सड़क के नीचे की मिट्टी पूरी तरह बह जाने के कारण मार्ग का एक बड़ा हिस्सा जमींदोज हो गया है, जिससे वहां एक विशाल और गहरा गड्ढा बन गया है।

मौजूदा हालात ऐसे हैं कि सड़क का लगभग आधा हिस्सा टूटकर नीचे खाई की तरफ समा चुका है। इस व्यस्त मार्ग से रोजाना सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन, स्कूली बसें, दोपहिया वाहन और राहगीर गुजरते हैं। सड़क धंसने से यहां से आवागमन करना किसी खतरे से खाली नहीं है। अंधेरे या भारी वाहनों के क्रास होने के समय जरा सी चूक किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। स्थानीय लोगों और चालकों में हर वक्त दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्र के जागरूक नागरिक एवं ग्रामीण राजेश मरावी ने इस गंभीर समस्या पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि यह परेशानी काफी दिनों से बनी हुई है, और इस बाबत संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान कई बार आकृष्ट कराया जा चुका है। ग्रामीण राजेश मरावी ने बताया कि सड़क के नीचे की मिट्टी बह जाने के कारण मार्ग का बड़ा हिस्सा टूटकर गायब हो गया है। यदि समय रहते जिम्मेदार विभाग ने इसकी सुध नहीं ली और मरम्मत नहीं कराई, तो यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्राथमिकता के आधार पर सड़क के धंसे हुए हिस्से की फिलिंग और पक्की मरम्मत कराई जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके और किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। अब देखना यह होगा कि खबर सामने आने के बाद जिम्मेदार विभाग कुंभकर्णी नींद से जागता है और इस रास्ते से गुजरने वाली जनता की जान की सुरक्षा के लिए कब तक ठोस कदम उठाता है।

त्रिलोकी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



कटघोरा। त्रिलोकी पब्लिक स्कूल कटघोरा में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों एवं रचनात्मक परियोजनाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच और नवाचार का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमती पूर्णम अग्रवाल एवं श्रीमती किरण अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल में सौम्य रंजन खुंटिया, कामता जायसवाल एवं आकाश पांडा शामिल रहे। विद्यालय परिवार इन सभी का बहुमूल्य समय देने, निष्पक्ष मूल्यांकन करने एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विशेष आभार व्यक्त करता है। विद्यालय के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी सोच एवं निरंतर सहयोग से इस आयोजन को सफल एवं सार्थक स्वरूप मिला। वे सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक एवं व्यावहारिक गतिविधियों में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुधीर साहू विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। वे बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, नए प्रयोग करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रोत्साहित करते हैं। वहीं उपप्राचार्या सुश्री दीपा चौहान ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम की तैयारियों एवं सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।







समस्त क्षेत्रवासियों को **दीपावली पर्व**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

हरिभूमि के सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं को
दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....
संकलनकर्ता :-
शैलेश कुमार शर्मा प्रतिनिधि
सदर बाजार, चांपा
मो. नं. 94252-30955, 75871-37310

समस्त क्षेत्रवासियों को **दीपावली पर्व**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रदीप नामदेव
अध्यक्ष-नगरपालिका परिषद चांपा

समस्त क्षेत्रवासियों को **दीपावली पर्व**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गिरधारी अग्रवाल — सीए चैतन्य अग्रवाल
शुभेच्छु :- लायन गिरधारी अग्रवाल, सी.ए. चैतन्य अग्रवाल
संबंधित फर्म:- नारायण प्रसाद अग्रवाल
एच.पी. डीलर कोरबा रोड चांपा (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
अमित अग्रवाल (भांचा)
संबंधित फर्म: **राणी सती मैडिकल स्टोर्स**, लायंस चौक चांपा

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
नागेन्द्र गुप्ता
जिला महामंत्री एवं प्रवक्ता
जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
-: शुभेच्छु :-
डॉ. अमरनाथ सोनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
नरेन्द्र मोदी विचार मंच नई दिल्ली
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी एन.जी.ओ. प्रकोष्ठ
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को **दीपावली पर्व**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एक अभिन्न शुभचिंतक
चांपा (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को **दीपावली पर्व** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रायपुर के बाद अब बिलासपुर का पहला पूर्णतः कैंसर समर्पित हॉस्पिटल
सेवा, सवेदना और विश्वास के साथ
करुणा श्री कैंसर हॉस्पिटल
KARUNA SHRI HOSPITAL
पचपेड़ी नाका रायपुर
नूतन चौक, सरकंडा बिलासपुर
कैलाश कसेर चांपा
ऋषभ कसेर चांपा

समस्त क्षेत्रवासियों को **दीपावली पर्व**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
-: शुभेच्छु :-
क्षेत्र के औद्योगिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय विकास के लिए समर्पित
प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड
स्पंज आयरन एण्ड पॉवर डिवीजन
पोस्ट :- चांपा 495671 जिला :- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

समस्त क्षेत्रवासियों को **दीपावली पर्व**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
एक अभिन्न शुभचिंतक एवं सहयोगी
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

खबर संक्षेप

कुरियारी में लक्ष्मी पूजन का आयोजन आज से

जांजगीर-चांपा। नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुरियारी के शांति चौक (बीच पारा) में नव युवा लक्ष्मी सेवा समिति द्वारा मां लक्ष्मी पूजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत 8 नवंबर रविवार को स्थापना के साथ होगी। आयोजन के दौरान जसगीत एवं झांकी गायन मंडली की प्रस्तुति के साथ मां भगवती की महिमा का गुणगान एवं प्रवचन किया जाएगा। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 8 नवंबर को कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी के दिन मां लक्ष्मी की स्थापना की जाएगी। 9 नवंबर से 11 नवंबर तक प्रतिदिन विधि-विधान से पूजन कार्यक्रम संपन्न होगा। वहीं 12 नवंबर गुरुवार को हवन एवं सहस्त्रधारा के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन किया जाएगा। समारोह के अंतर्गत 9 से 11 नवंबर तक तीन दिवसीय जसगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिदिन प्रथम पुरस्कार 4000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 1500 रुपये निर्धारित किया गया है। तीनों दिन विशेष अतिथि शामिल होंगे।

बिर्रा में जिला स्तरीय डांस प्रतियोगिता 10 नवंबर को

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में मंगलवार 10 नवंबर को रात्रि 8 बजे से जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। महासंग्राम डांस प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष डॉ. कुश पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म अभिनेता संतोष प्रजापति शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बिर्रा की सरपंच पीली बाई साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मोहन कुमारी साहू, राजू कश्यप एवं रितेश रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। समिति द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां की जा रही हैं।

जमड़ी में पांच दिवसीय काली पूजन उत्सव शुरू

बिर्रा। ग्राम जमड़ी के बजरंग चौक में नवयुवक काली उत्सव समिति के तत्वावधान में दीपावली के अवसर पर पांच दिवसीय काली पूजन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 6 नवंबर को कलश यात्रा के साथ हुआ। वहीं उत्सव का समापन एवं फाइनल कार्यक्रम 10 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। इसमें प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपये प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 15 हजार रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 10 हजार रुपये, पांचवां पुरस्कार 5 हजार रुपये, छठवां पुरस्कार 3 हजार रुपये दिया जाएगा। इसके अलावा 2 हजार रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान दरशराम एवं कौशिल्या सिदार हैं। आयोजन समिति में संयोजक सौरभ शुक्ला, अध्यक्ष मनोज कश्यप, उपाध्यक्ष जगन्नाथ कश्यप, सचिव शिवा साहू, सहसचिव मनीष सिदार एवं कोषाध्यक्ष घनश्याम कश्यप शामिल हैं। वहीं सहदेव साहू, मार्गदर्शक महेत्तर यादव एवं खोलबहरा सिदार आयोजन में मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। पूजन कार्यक्रम में व्यास पंडित जगदीश दूबे, जोत बैगा द्वासराम एवं कुमारू सिदार जुटे हुए है। वहीं भंडारी के रूप में अशोक यादव, वृहस्पत साहू, होरीलाल सिदार, जय गोविन्द कुम्हार, रामकृष्ण कश्यप, राधे एवं सुखराम यादव सहित ग्रामवासी सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

बिर्रा में श्रीराम नाम जप सप्ताह महायज्ञ 18 नवंबर से

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दीवान मोहल्ला में ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड श्रीराम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 18 नवंबर, बुधवार को विधि-विधान के साथ होगा। इस दौरान लगातार सात दिनों तक सीताराम-राधेश्याम नाम का अखंड जाप किया जाएगा। समापन 25 नवंबर, बुधवार को होगा। महायज्ञ को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है।

तीनों स्थानों पर हासिल की सफलता, अब बिलासपुर में होने वाले जोन स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेले के लिए हुआ चयन

जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक मेले में कुरदा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेले में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरदा की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का शानदार परिचय देते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्राओं ने अपने अभिनव विज्ञान मॉडलों के जरिए जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। खास बात यह है कि छात्राओं के तीनों मॉडलों का चयन आगामी बिलासपुर जोन स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेले के लिए भी किया गया है।

प्रदर्शनी में छात्राओं ने दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान, पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग पर आधारित तीन आकर्षक एवं उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें पहला मॉडल 'इको फ्रेंडली बॉटल कूलर' था, जिसे पुरानी प्लास्टिक बोतलों के पुनः उपयोग से तैयार किया गया। यह प्राकृतिक वायु शीतलन की अवधारणा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य कम लागत में हवा को ठंडा करने के साथ अनुपयोगी प्लास्टिक का रचनात्मक उपयोग करना है। दूसरा मॉडल 'इको फ्रेंडली मटका फ्रिज' था। इसमें मिट्टी के मटकों की प्राकृतिक शीतलन क्षमता और वाष्पीकरण के सिद्धांत का उपयोग करते हुए बिना बिजली के पानी एवं खाद्य पदार्थों को ठंडा रखने की तकनीक प्रदर्शित की गई। यह ग्रामीण परिवेश के लिए कम लागत वाला पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रस्तुत करता है। वहीं तीसरा मॉडल 'बांस का तैरता हुआ टापू' तालाबों में बढ़ते शैवाल एवं जल प्रदूषण की समस्या के समाधान पर केंद्रित था। इसमें बांस और जलीय पौधों की सहायता से प्राकृतिक तरीके से जल की गुणवत्ता सुधारने की वैज्ञानिक अवधारणा प्रस्तुत की गई। इन मॉडलों का निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण कक्षा 12वीं की छात्राओं अनुपमा देवांगन, आयशा कुर्रे, उमा कुर्रे, मानसी लहरे, मानसी बरेठ एवं क्रिष्टि कर्ष ने किया। श्रीमती रजिया अंजुम शेख के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से छात्राओं ने इन मॉडलों को तैयार किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की श्रीमती अंजना सिंह परिहार, श्रीमती शांति थवाईत, श्रीमती भावना सहित समस्त शिक्षकों ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जोन स्तरीय प्रतियोगिताके लिए उज्जवल भविष्य की कामना की।


मॉडल का प्रदर्शन करती छात्राएं।

विज्ञान मेले में झालरौंदा विद्यालय ने सात विधाओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

सक्ती। जिला स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन गुंजन स्कूल सक्ती में जिला शिक्षा अधिकारी विजय टाण्डे के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सक्ती आयुष शर्मा रहे। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य नितिन सोनी, छबि राठौर, महेन्द्र कुमार चन्द्रा, करम सिंह सिदार , प्रमोद देवांगन, सविता तिवारी,संतोष तिवारी, संतोष अनंत और चंचला चन्द्रा उपस्थित रहे। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा के आठ विद्यार्थी अपने विधाओं में प्रथम स्थान हासिल कर संभाग स्तर के लिए चयनित हुए, शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा ने भी दो विधाओं में पाया प्रथम स्थान। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भाग ली गई सभी पांचों विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही सभी विधाओं में विद्यार्थियों ने संभाग स्तर पर अपनी जगह बनाकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा ने भी टीएलएम निर्माण एवं शिक्षक सेमिनार में प्रथम स्थान हासिल कर दोहरी उपलब्धि प्राप्त की। प्रतियोगिता की विभिन्न विधाओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। व्यक्तिगत प्रोजेक्ट में श्रद्धा नायक, समूह प्रोजेक्ट में दामिनी यादव एवं साधना बंजारे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विधा में श्वेता चौहान एवं मेहर आदिले, सतत कृषि में सपना आदिले एवं एशिका आदिले तथा विज्ञान क्लब विधा में नव्या सिदार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव हासिल किया।



सड़क पर मिली कीमती मोबाइल लौटाकर सफाईकर्मी ने पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

आज के दौर में जहां लोग छोटी-छोटी चीजों के लालच में अपनी नैतिकता भूल जाते हैं, वहीं नगर पालिका सक्ती की सफाई कर्मचारी पुष्पा बाई सोना ने अपनी ईमानदारी और नेकदिली से समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सड़क पर सफाई के दौरान मिला एंड्रॉयड मोबाइल उन्होंने अपने पास रखने के बजाय उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने की पहल की। उनकी इस ईमानदारी की नगर में जमकर सराहना हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्पा बाई सोना रोजाना की तरह श्री अनुराग कपड़ा दुकान, राजा महल के सामने सड़क पर झाड़ लगाकर सफाई कर रही थीं। इसी दौरान उन्हें सड़क पर एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन पड़ा हुआ मिला। मोबाइल मिलने के बाद उन्होंने बिना किसी लालच के उसे सुरक्षित रखा और सीधे नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के पास पहुंचकर सौंप दिया। उन्होंने अध्यक्ष को बताया कि सफाई के दौरान सड़क पर यह मोबाइल मिला है, जिसे उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाना चाहती हैं। पुष्पा बाई की इस ईमानदारी से प्रभावित होकर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने मोबाइल धारक का पता लगाया और मोबाइल उन्हें वापस सौंप दिया। एक सफाई कर्मचारी के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाने के साथ ही पुष्पा बाई ने अपने आचरण से यह साबित कर दिया कि ईमानदारी किसी पद, प्रतिष्ठा या आर्थिक स्थिति की मोहताज नहीं होती।



- नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा मोबाइल, वास्तविक धारक तक सुरक्षित पहुंचाया गया फोन

उल्लेखनीय योगदान के लिए मोहम्मद उस्मान को मिला छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के शेख मोहम्मद उस्मान को सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, समाजसेवा एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड 2026 और प्रेरणादायी व्यक्तित्व अवार्ड से सम्मानित किया गया है। रायपुर में आयोजित पारस संगम 2026 के भव्य समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि से अकलतरा नगर में हर्ष का माहौल है।

रायपुर स्थित शरीर स्मारक भवन में आयोजित इस समारोह में प्रदेश के मंत्री, विधायक, विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष, शिक्षाविद्, उद्योगपति एवं सामाजिक क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हुईं। इस अवसर पर समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सक्रिय शेख मोहम्मद उस्मान के सामाजिक एवं संगठनात्मक योगदान, विभिन्न वर्गों के बीच आपसी सद्भाव और समरसता को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया। इसके साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य के लिए संगठन में उप-प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। एक ओर जहां यह सम्मान उनके सामाजिक कार्यों की पहचान है, वहीं दूसरी ओर अकलतरा के लिए गौरव का विषय है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के नागरिकों, शुभचिंतकों एवं परिचितों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ व अग्रवाल सेवा संघ का अन्नकूट महोत्सव 10 को

चांपा। स्थानीय मारवाड़ी ब्राम्हण समाज के नागरिकों की प्रतिनिधि संस्था मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ एवं अग्रवाल समाज की प्रतिनिधि संस्था अग्रवाल सेवा संघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली मिलन तथा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन मंगलवार 10 नवंबर को किया जा रहा है। मारवाड़ी ब्राम्हण सेवा संघ के अध्यक्ष शैलेश कुमार शर्मा एवं सचिव उदय शर्मा ने बताया कि समाज का अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन मंगलवार 10 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से डोंगाघाट स्थित डिडवानिया धर्मशाला में तथा अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष विष्णु मोदी व सचिव राज अग्रवाल ने बताया कि संघ का दीपावली मिलन और अन्नकूट महोत्सव रात्रि 8 बजे से मोदी चौक के पास स्थित कुश वाटिका में आयोजित होगा। दोनों समाज के लोगों से उक्त आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

बच्चों को दीपावली के उपहार स्वरूप बांटे पटाखे एवं दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

धनतेरस के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मदन गोपाल सिंह बैस की सुपुत्री स्वर्गीय डॉ. दीपमाला सिंह की 36वीं जन्मजयंती की स्मृति में तथा उनके भाई अभिजीत सिंह बैस द्वारा सामाजिक सरोकार और आत्मीयता की मिसाल पेश करते हुए पुरानी बस्ती के बच्चों को दीपावली के उपहार स्वरूप पटाखे एवं दीपों का वितरण किया गया। इस पहल के माध्यम से स्वर्गीय डॉ. दीपमाला सिंह की स्मृतियों को स्नेह, सेवा और खुशियां बांटने के भाव के साथ जीवंत रखने का प्रयास किया गया। त्योहारों की खुशियां समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आए, इसी उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। पटाखे और दीप पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। बच्चों में दीपावली को लेकर विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला। परिजनों ने इस अवसर पर स्वर्गीय डॉ. दीपमाला सिंह को भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके जन्मदिवस को सकारात्मक एवं सामाजिक गतिविधि के माध्यम से मनाया। किसी प्रियजन की स्मृति को केवल यादों तक सीमित न रखकर जरूरतमंदों और बच्चों के बीच खुशियां बांटकर संजोना समाज के लिए भी एक प्रेरणादायी संदेश है। इस अवसर पर स्वर्गीय डॉ. दीपमाला सिंह के पिता मदन गोपाल सिंह बैस, भाई अभिजीत सिंह बैस, नितिन सिंह बैस, अंकित सिंह, आर्यन सिंह, दीपक निर्मलकर, अमित सिंह एवं आदित्य सिंह उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने बांटा पटाखे व दीपक।

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम देवरानी में पटेल परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिवस आचार्य पं. विनोद दुबे (सिलादेही वाले) ने भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रुक्मिणी हरण और विवाह की कथा के माध्यम से उन्होंने प्रेम, समर्पण, अटूट विश्वास, भक्ति और धर्म के महत्व को विस्तार से समझाया।

आचार्य पं. विनोद दुबे ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी का विवाह महज एक पौराणिक प्रसंग नहीं, बल्कि सच्ची भक्ति, अटूट विश्वास और पूर्ण समर्पण का प्रतीक है। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा और निष्ठा से ईश्वर की प्राप्ति संभव है। कथा के दौरान भजन-संकीर्तन और मधुर संगीत की स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति मोहन कुमारी साहू ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति, संस्कार और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम हैं। ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि चंदराम टंडन, तीजूराम साहू, ओमशरण साहू, प्रज्ञानंद, संजू साहू, जीवन साहू, तुलेश पटेल, राजेश कश्यप, भोपाल प्रसाद, ओमप्रकाश साहू, मनोज तिवारी, श्रवण थवाईत, मिलाप पटेल, नरेश देवांगन, लुकेश्वर देवांगन, गुड्डा महाराज, दिनेश साहू, प्यारेलाल पटेल, हीरालाल, शत्रुहन पटेल, नारायण साहू, टेकराम साहू, दीपेश पटेल, गनपत पटेल, वीरेंद्र पटेल, रामसाय एवं भगत पटेल सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



सतनाम धर्म महासभा की जिला कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सतनाम धर्म महासभा जिला जांजगीर-चांपा की जिला कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रविवार 1 नवंबर को जिला पंचायत रोड स्थित सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में समाजजनों की सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के नाम प्रस्तावित किए गए।

जिला अध्यक्ष पद के लिए सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय कुमार मनहर का नाम प्रस्तावित किया गया। सभी नाम अंतिम स्वीकृति एवं आदेश के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा गुरु धर्म गुरु गुरु बालदास साहेब को भेजे जाएंगे। बैठक में चुनाव प्रभारी डॉ. लक्ष्मण भारती, गुरु प्रतिनिधि एवं प्रदेश पदाधिकारी विजय डहरिया, प्रदेश प्रभारी डॉ. मोहन सेंडे, जितेंद्र पाटले, डॉ. पुष्पेंद्र लहरें एवं इंजीनियर आनंद प्रकाश मिरी सहित जिले के अनेक सामाजिक पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। गुरु प्रतिनिधि विजय डहरिया ने कहा कि सतनाम धर्म महासभा का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि समाज को शिक्षित, आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं जागरूक बनाना है। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाज का सर्वांगीण विकास महासभा का लक्ष्य है। बैठक में प्राचार्य रोहित खुंटे ने जिला अध्यक्ष पद के लिए डॉ. विजय कुमार मनहर का नाम प्रस्तावित किया, जिसका कृषि वैज्ञानिक डॉ. चंद्रशेखर खरे ने समर्थन किया। इसके अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मी लहरे को जिला उपाध्यक्ष, प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार घितोडे को जिला सचिव तथा दंत चिकित्सक डॉ. धनेश्वरी जागृति को जिला सहसचिव पद के लिए प्रस्तावित किया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रोहित खुंटे, योगेश बनर्जी, तेरस रात्रे, चंद्रकांत रात्रे, संजय लहरे, देव प्रसाद लहरे, दीपक मनहर, अधिवक्ता जगदीश बंजारे, के.आर. टांडे, जागृति मिरी, सत्यवती जोशी, अरुणा व्यास मिरी, नंदकुमार बनर्जी एवं जयप्रकाश लहरे के नाम सर्वसम्मति से प्रस्तावित किए गए। जिला अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित डॉ. विजय मनहर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के सत्य, समानता एवं मानवता के संदेश से प्रेरित होकर वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में कार्य करेंगे। उन्होंने सादगी, स्वच्छता, सदाचार एवं भेदभाव रहित सामाजिक व्यवस्था को बढ़ावा देने की बात कही।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने माता कौशल्या जन्मभूमि कोसला धाम में किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोसला धाम में आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा अनावरण एवं भवन लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता कौशल्या जन्मभूमि मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

- पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली की कामना

कार्यक्रम के दौरान कोसला धाम की धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता से अतिथियों को अवगत कराया गया। अतिथियों ने कोसला धाम के गौरव को और अधिक प्रतिष्ठित करने तथा आगामी समय में धाम के धार्मिक पर्यटन, आधारभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के संबंध में अपने विचार एवं सुझाव रखे।

इस अवसर पर कोसला धाम की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं समस्त अतिथियों का माता कौशल्या जी का छायाचित्र सौजन्य भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मंदिर दर्शन करने जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ग्राम के वरिष्ठ दुर्गेश्वर तिवारी, जनप्रतिनिधिगण, क्षेत्रीय कुर्मी समाज के वरिष्ठजन, माता कौसल्या मंदिर समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित थे।


मात कौशल्या की पूजा-अर्चना करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल।

पूर्व मुख्यमंत्री का मुलमुला चौक में हुआ स्वागत, फूल माला से किया अभिनंदन

मुलमुला। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मुलमुला चौक आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान मुलमुला चौक में उनका फूल-मालाओं और आतिशबाजी के साथ गर्मजोशी से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में सन्नी यादव (जनपद सदस्य प्रतिनिधि), अमितेंद्र सिंह (सरपंच, मुलमुला) एवं नारायण साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आत्मीय स्वागत किया। उनके आगमन पर उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाकर अपनी खुशी जाहिर की तथा फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह और उमंग का माहौल रहा।





